जयपुर गरीब रथ की सेवा बढ़ाई

यात्रियों को मिलेगा फायदा

कमी नहीं हुई है भीड़

बेंगलूरु
bangaluru@patrika.com

यशवंतपुर-जयपुर गरीब रथ विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का परिचालन अब 30 दिसम्बर तक होगा। इस ट्रेन की अंतिम रेल सेवा 25 नवम्बर को थी। रेल सेवा तिथि बढ़ाई जाने से यात्रियों को काफी फायदा होगा।

त्योहारी सीजन को देखते हुए सितम्बर से इस विशेष ट्रेन का परिचालन हो रहा है, लेकिन त्योहारी सीजन के बाद अब शादी का सीजन शुरू हो गया है और राजस्थान जाने वाले सभी ट्रेन फुल चल रही हैं। ऐसे में इस ट्रेन की सेवा बढ़ाई जाने से राजस्थान जाने वाले लोग इस ट्रेन में सफर कर सकेंगे।

बेंगलूरु सिटी से चल रही नियमित ट्रेन जयपुर -मैसूर एक्सप्रेस राजस्थान में कोटा व सवाई माधोपुर से होते हुए जयपुर जंक्शन पहुंचती है और इस ट्रेन की प्रतीक्षा सूची हमेशा लंबी रहती है।

बेंगलूरु व मैसूर सहित कर्नाटक के विभिन्न शहरों में राजस्थानी प्रवासी रहते हैं और शादी के सीजन में ट्रेनों में यहां से सफर करते हैं। इसके साथ ही व्यापार के संबंध में भी बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। इसके साथ ही जोधपुर व अजमेर के लिए जाने वाली सभी नियमित ट्रेनों में जयपुर एक्सप्रेस से भी ज्यादा भीड़ रहती है। यशवंतपुर से 30 दिसम्बर तक और जयपुर से 1 जनवरी तक यह विशेष रेल सेवा जारी रहेगी।

नियमित करने की मांग

ट्रेनों में भारी भीड़ के कारण विशेष गरीब रथ एक्सप्रेस को नियतिम किए जाने की मांग है। सबसे पहले यह ट्रेन इसी साल जनवरी से मार्च तक चलाई गई थी, लेकिन बाद में मांग उठाए जाने पर इस ट्रेन को दुबारा से गर्मी की छुट्टियों में कुछ दिन के लिए शुरू कर दिया गया था, लेकिन त्योहारी सीजन को देखते हुए सितम्बर से नवम्बर तक चलाने का निर्णय किया गया और अब इसकी सेवा बढ़ा दी गई है। इस ट्रेन से सफर करने वाले लोग कहते हैं कि इस ट्रेन को नियमित करना जरूरी है।

क्योंकि यह वातानुकूलित ट्रेन होने के साथ ही इससे यात्रा सुविधा बढ़ गई है।

यह होगा फायदा

अगर इस ट्रेन को नियमित कर दिया जाता है तो इससे यात्रा संबंधी परेशानी से काफी हद तक निजात मिल सकती है। नियमित किए जाने के साथ ही इसे एक्सप्रेस से सुपरफास्ट ट्रेन बनाने की भी मांग उठ रही है। (का.सं.)